आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**18.45 रविवार** **दिनांक 06.10.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ करेंगे समीक्षा बैठक–छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी होंगे शामिल।**
- **राज्यपाल रमेन डेका ने हरित शिखर सम्मेलन के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पानी और पेड़ दोनों को बचाकर रखना जरूरी।**
- **धमतरी जिले में आयोजित दो दिवसीय जल जगार महोत्सव का आज होगा समापन।**
- **नारायणपुर जिले में मुठभेड़ में मारे गए इकतीस में से बाईस माओवादियों की हुई पहचान–इन माओवादियों पर घोषित था एक करोड़ सड़सठ लाख रूपये का इनाम।**

## अमित शाह–मुख्यमंत्री बैठक

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ सहित आंध्रप्रदेश, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री भाग लेंगे। साथ ही वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने में राज्यों का सहयोग कर रहे केन्द्रीय मंत्रालयों के पांच केन्द्रीय मंत्री और उच्चाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में भाग लेंगे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज शाम नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे, जहां वे वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे।

## एक राष्ट्र–एक चुनाव

एक राष्ट्र–एक चुनाव के लिए गठित समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा है कि देशभर में एकसाथ चुनाव कराने से देश को बहुत लाभ होगा। कल नई दिल्ली में लालबहादुर शास्त्री स्मृति व्याख्यान में उन्होंने कहा कि एकसाथ चुनाव से बेहतर प्रशासन, नीतिगत स्थिरता, सामाजिक एकजुटता और आर्थिक विकास के साथ वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। श्री कोविंद ने कहा कि यह सिफारिश अधिक समावेशी और समृद्ध भविष्य के लिए बुनियादी सुधार साबित होगी।

## राज्यपाल–हरित शिखर सम्मेलन

राज्यपाल रमेन डेका कल रायपुर में आयोजित हरित शिखर सम्मेलन के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पानी और पेड़ दोनों को बचाकर रखना जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हर किसी को अपनी भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ ही जल संरक्षण के लिए सभी को ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपनी लोक संस्कृति को सहेजने के साथ–साथ इसे पर्यावरण संरक्षण के लिए एक प्रेरणा के रूप में अपनाएं। तीन दिवसीय हरित शिखर सम्मेलन का आयोजन वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के सहयोग से निजी संस्थाओं द्वारा किया गया था।

## रिखी क्षत्रिय–लोकमंथन

रायपुर में तीन से पांच अक्टूबर के बीच आयोजित हुए हरित शिखर सम्मेलन में भिलाई निवासी लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने एक सौ आठ लोक वाद्यों की प्रस्तुति दी थी, जिसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी सराहा था।

रिखी और उसके समूह को हैदराबाद में इक्कीस से चौबीस नवंबर तक होने जा रहे 'लोकमंथन' के चौथे संस्करण में शामिल होने का न्यौता मिला है। वहां रिखी देशभर के आदिवासी कलाकारों के बीच अपनी प्रस्तुति देंगे।

**जल जगार महोत्सव**

धमतरी जिले के रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में आयोजित दो दिवसीय जल जगार महोत्सव का आज रात समापन होगा। जल जगार महोत्सव के तहत आज सुबह हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। यह मैराथन तीन श्रेणियों में आयोजित की गई। इनमें गंगरेल हाफ मैराथन, एन्डुरन्स रन और वॉकेथॉन शामिल थे।

जल जगार महोत्सव के दूसरे दिन आज रायपुर सहित प्रदेशभर के प्रतिभागी जल ओलंपिक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कयाकिंग, स्वीमिंग, बनाना राईड, फ्री स्टाईल स्वीमिंग, फ्लैग् रैन, थ्रो–रो और रिवर क्रॉसिंग जैसे खेलों में हिस्सा लिया।

महोत्सव के तहत आज जल सभा का भी आयोजन किया गया। इसमें प्रदेशभर के महाविद्यालयीन छात्र–छात्राएं जल असेंबली में शामिल हुए। इस दौरान जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, मानवीय सभ्यता और संस्कृति में जल की भूमिका, संकट और भविष्य की दिशा पर चर्चा की गई।

इससे पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल जल जगार महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए धमतरी जिला प्रशासन द्वारा मनाया जा रहा यह महोत्सव अनुकरणीय पहल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधा लगाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सतासी करोड़ पच्चीस लाख रूपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष प्रकार के नवाचारी मॉडल 'पीकू द वाटर गार्जियन' संरचना का लोकार्पण भी किया।

**माओवादी–शिनाख्त**

नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच बीते चार अक्टूबर को हुई मुठभेड़ में मारे गए सात और माओवादियों की पहचान के साथ ही अब तक कुल बाईस माओवादियों की शिनाख्त कर ली गई है। मुठभेड़ में मारे गए नौ अन्य माओवादियों की पहचान की जा रही है। मारे गए माओवादियों में अट्ठारह पुरूष और तेरह महिला शामिल हैं। जिन माओवादियों की शिनाख्त की गई है, उनमें एक डी.के.एस.जेड.सी., तीन डी.वी.सी.एम., नौ पी.एल.जी.ए. कंपनी नंबर–छह के सदस्य, दो डी.के.एस.जेड.सी. गार्ड, छह एरिया कमिटी सदस्य और एक एरिया कमेटी के पार्टी सदस्य कैडर के रूप में की गई है। इन बाईस माओवादियों पर एक करोड़ सड़सठ लाख रूपये का इनाम घोषित था। सुरक्षा बलों ने इस मुठभेड़ में कई अन्य माओवादियों के घायल होने की संभावना जताई है।

**सैन्य प्रदर्शनी**

रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में आयोजित सैन्य समारोह के दूसरे दिन आज भारतीय सेना के जवानों ने अपने करतब से लोगों को रोमांचित किया। सैन्य समारोह और प्रदर्शनी का समापन कल सात अक्टूबर को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल रमेन डेका शामिल होंगे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। भारतीय सेना के अधिकारियों ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि प्रदर्शनी के तहत सुबह आठ से दस बजे तक और शाम छह से रात आठ बजे तक पैरा जंपिंग, खुखरी डांस, डेयर डेविल मोटरसाइकलिंग और घुड़सवारी जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विशेष बल के कमांडो द्वारा आज स्लिदरिंग और बाइक शो का प्रदर्शन किया गया। वहीं, ग्रेनेडियर्स, सिग्नल और गोरखा प्रशिक्षण केंद्रों के सैन्य पाइप और ब्रास बैंड तथा विशिष्ट गोरखा रेजिमेंट के सांस्कृतिक दल द्वारा खुखरी नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

**भाजपा–सदस्यता अभियान**

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कल मुंगेली जिले के लोरमी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। रवेली, सेम्हरापारा, खेकतरा, कौहाबांधा, हड़गांव, औराबांधा, छिरहुट्टी, बैगाकापा, नारायणपुर, बिजराकापा और लोरमी के दौरे के दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत ग्रामीणों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। श्री साव ने इन गांवों में करीब एक करोड़ रुपए के विकास कार्यों की घोषणा भी की।

**रेलवे–स्वच्छता पखवाड़ा**

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज स्वच्छ रेलगाडी थीम पर आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने मंडल से गुजरने वाली गाडियों में स्वच्छता का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गाडियों के अंदर बायोटॉयलेट का उपयोग करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छता जागरूकता संबंधित पोस्टर और रेल परिसर में गंदगी फैलाने पर रेलवे द्वारा जुर्माना लगाए जाने की जानकारी यात्रियों को दी।

इधर, कोंडागांव में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने शहर के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य मंदिर परिसरों की स्वच्छता बनाए रखना और भक्तजनों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करना था। संगठन ने दुर्गा समितियों से आग्रह किया है कि मंदिर परिसर में डस्टबिन रखे, ताकि श्रद्धालु प्रसाद लेने के बाद डिस्पोजल को सही स्थान पर फेंक सकें।

**सक्ती–युवक डूबे**

सक्ती जिले के चंद्रपुर स्थित महानदी में नहाने के दौरान हुए हादसे में तीन युवक डूब गए, जिनकी तलाश पुलिस और एसडीआरएफ की टीम द्वारा की जा रही है। बताया जा रहा है कि ये तीनों युवक भिलाई के रहने वाले हैं और चंद्रपुर स्थित चंद्रहासिनी माता के मंदिर दर्शन के लिए आए थे, तभी नदी में नहाने के दौरान डूब गए।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून की सक्रियता अब सामान्य से कम हो रही है। देश के कुछ भागों से दक्षिण–पश्चिम मानसून की वापसी शुरू हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार कल राज्य के एक–दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

– स्वामी आत्मानंद की जयंती के अवसर पर आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें नमन किया है। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद ने समाज सुधारक और शिक्षाविद् के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के डोंगरिया में आठ अक्टूबर को जिला स्तरीय आवास मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में केंद्रीय आवास राज्यमंत्री तोखन साहू सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत और कोटा के विधायक अटल श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>